# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228


पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1542/2022 दिनांकः–15 नवम्बर, 2022

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित महाविद्यालय,
जनपद अलीगढ़।

**विषयः–महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संभागीय परिवहन अधिकारी, अलीगढ़ के पत्र सं0–433 / प्रवर्तन / सडक सुरक्षा प्रतियोगिता / 2022 दिनांक 21.10.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (प्रति संलग्न) जिसके अन्तर्गत सभी महाविद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु महाविद्यालय स्तर पर लेखन, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दो कार्य दिवस में कराने का कष्ट करें।

सभी प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने के उपरान्त उसकी रिपोर्ट कार्यक्रम समन्वयक प्रो0 नीता वार्ष्णेय की ई मेल nssrmpssuniversity@gmail.com पर शीघ्र प्रेषित करें।

भवदीय,

15/11/22

(महेश कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, अलीगढ़।
3. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

# कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी, अलीगढ़।

पत्रांक–433 / प्रवर्तन / सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता / 2022 दिनांक–21.10.2022

सेवा में,

1– रजिस्ट्रार, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

2– डॉ0 रेखा रानी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी, अलीगढ़–आगरा परिक्षेत्र।

3– डॉ0अरशद हुसैन, राष्ट्रीय सेवा योजना, ए0एम0यू0, अलीगढ़।

**विषय – प्रदेश में उच्च शिक्षा के कालेजों में अध्ययनरत छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिवहन आयुक्त, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–1689स0सु0 / 2021–03 स0सु0 / 2019–21 दिनांक–20 अक्टूबर 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज, उ0प्र0 को सम्बोधित है। (प्रति संलग्न) जिसके अन्तर्गत प्रदेश में उच्च शिक्षा के कालेजों में अध्ययनरत छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु प्रतियोगिताओं हेतु महाविद्यालय, जनपद स्तर एवं मण्डल स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में (लेखन, चित्रकला एवं क्विज) प्रतियोगितओं का आयोजन निम्न समय सारणी के अनुसार किया जाना प्रस्तावित है –

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता के आयोजन का स्तर | अवधि जिस दौरान प्रतियोगिता आयोजित की जानी है | मुख्यालय को प्रतियोगिता आयोजन की प्रगति से अवगत कराने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | महाविद्यालय स्तर पर | 07 नवम्बर से 12 नवम्बर 2022 तक | 13 नवम्बर से 16 नवम्बर 2022 तक |
| 2 | जनपद स्तर पर | 16 नवम्बर से 19 नवम्बर 2022 तक | 20 नवम्बर से 23 नवम्बर 2022 तक |
| 3 | मण्डल स्तर पर | 24 नवम्बर से 30 नवम्बर 2022 तक | 01 दिसम्बर से 06 दिसम्बर 2022 तक |

2– परिवहन आयुक्त महोदय के उपरोक्त पत्र में प्रतियोगिता सम्पन्न होने के उपरान्त मूल्यांकन हेतु जनपद एवं मण्डल स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुये निर्णय हेतु जनपद एवं मण्डल स्तरीय कमेटी (निर्णायक मण्डल) का गठन कर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित प्रतियोगिता का विवरण एवं खाता संख्या का प्रारूप निम्नवत है –

**उच्च शिक्षा स्तर पर विजेता प्रतिभागियों का विवरण एवं खाता संख्या की सूचना का प्रारूप**

| क्र0 सं0 | जनपद / मण्डल का नाम | प्रतियोगिता / श्रेणी | परिणाम | विद्यार्थी का नाम | महाविद्यालय का नाम | कक्षा | बैंक का नाम एवं खाता संख्या | IFSC कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | 1–लेखन (निबन्ध) | प्रथम | | | | | |
| | | | द्वितीय | | | | | |
| | | | तृतीय | | | | | |
| | | 2–चित्रकला (पोस्टर) | प्रथम | | | | | |
| | | | द्वितीय | | | | | |
| | | | तृतीय | | | | | |
| | | 3–क्विज | प्रथम | | | | | |
| | | | द्वितीय | | | | | |
| | | | तृतीय | | | | | |

3— परिवहन आयुक्त महोदय के पत्र में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि महाविद्यालय स्तर पर विजयी प्रतिभागियों द्वारा जनपद एवं मण्डल स्तर पर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया जायेगा, तदोपरान्त विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही मण्डल स्तर पर चित्रकला एवं क्विज श्रेणी में विजयी प्रतिभागियों द्वारा राज्य स्तर पर प्रतिभाग किया जायेगा। राज्य स्तर पर प्रतियोगिता की तिथि की सूचना पृथक से प्रेषित की जायेगी।

4— पुरस्कार धनराशि के भुगतान हेतु विजेता प्रतिभागियों की सूची Benificary Details के साथ जनपद एवं मण्डल स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा सम्बन्धित जनपद के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे तथा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा सम्बन्धित विजेताओं के बैंक खाते में धनराशि हस्तान्तरित की जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अलीगढ़ मण्डल के सभी जनपदों में समयान्तर्गत प्रतियोगितायें आयोजित कराये जाने के निर्देश जारी करने का कष्ट करें तथा आयोजित प्रतियोगिता की सूचनाऐं उपरोक्त प्रारूप में इस कार्यालय के ई—मेल आई0डी0 rtoal-up@nic.in पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(फरीदउद्दीन)
संभागीय परिवहन अधिकारी
(प्रवर्तन) अलीगढ़।

संलग्नक—यथोक्त।

**प्रतिलिपि –**

1— आयुक्त महोदय, अलीगढ मण्डल को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2— अपर परिवहन आयुक्त (स0सु0) महोदय, उ0प्र0, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3— उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) महोदय, आगरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4— संभागीय परिवहन अधिकारी, अलीगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।
5— सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) प्रथम एवं द्वितीय, अलीगढ़/एटा/हाथरस/कासगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप अपने जनपद में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कराया जाने के साथ प्रिन्ट तथा इलैक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार—प्रसार करायें तथा विजेता प्रतिभागियों की सूचना निर्धारित प्रारूप में इस कार्यालय में निर्धारित समयावधि में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

संभागीय परिवहन अधिकारी
(प्रवर्तन) अलीगढ़।